प्रकाशक - स.प्र.प्र.सं. पुस्तकालय मई 2026 खंड - 5, अंक - 4

# आई.एस.टी.एम. लाइब्रेरी इन्फॉर्मेशन बुलेटिन

इस सूचना बुलेटिन का उद्देश्य आईएसटीएम पुस्तकालय की सेवाओं और गतिविधियों के बारे में जागरूकता फैलाना है और सभी उपयोगकर्ताओं के उपयोग के लिए ओपन एक्सेस के रूप में उपलब्ध अनुसंधान और प्रबंधन उपकरणों के बारे में जानकारी प्रदान करना है।

## OPEN CULTURE

opencultre.com एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन मंच है, जो इंटरनेट पर उपलब्ध उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षिक एवं सांस्कृतिक संसाधनों को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराता है। इसकी सबसे लोकप्रिय सेवाओं में 800 से अधिक नि:शुल्क ई-पुस्तकों (eBooks) तथा 1,000 से अधिक नि:शुल्क ऑडियो पुस्तकों (Audiobooks) का संग्रह शामिल है, जिनमें क्लासिक साहित्य, दर्शनशास्त्र, इतिहास, विज्ञान, कविता तथा अन्य विषयों से संबंधित सामग्री उपलब्ध है।




उपयोगकर्ता यहाँ विश्वप्रसिद्ध लेखकों जैसे जेन ऑस्टेन, जॉर्ज ऑरवेल, मार्क ट्वेन, विलियम शेक्सपियर, लियो टॉल्स्टॉय तथा अनेक अन्य लेखकों की रचनाओं को पढ़ या डाउनलोड कर सकते हैं। ये संसाधन किंडल, आईपैड, स्मार्टफोन और कंप्यूटर जैसे लोकप्रिय उपकरणों के साथ संगत हैं, जिससे आजीवन सीखने वाले पाठकों के लिए अध्ययन और श्रवण दोनों सुविधाजनक हो जाते हैं। Open Culture उन विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं, शिक्षकों और पुस्तक प्रेमियों के लिए एक उत्कृष्ट संसाधन है, जो बिना किसी लागत के गुणवत्तापूर्ण सामग्री की तलाश में रहते हैं। विभिन्न स्रोतों से उपलब्ध मुक्त शैक्षिक सामग्री को एक स्थान पर संकलित करके यह मंच उपयोगकर्ताओं को ऐसे ज्ञान तक पहुँचने में सहायता करता है, जो अन्यथा इंटरनेट पर बिखरा हुआ रहता। पुस्तकों और ऑडियो पुस्तकों के अतिरिक्त, इस मंच पर नि:शुल्क फ़िल्में, वृत्तचित्र (डॉक्यूमेंट्री), क्लासिक फ़िल्में, चयनित शैक्षिक वीडियो, सांस्कृतिक सामग्री तथा पॉडकास्ट के संग्रह सहित अनेक उपयोगी संसाधन भी उपलब्ध हैं।

चित्र तथा जानकारी का सोर्स https://www.openculture.com/



इस विषय पर अधिक जानकारी अथवा उपयोग हेतु दिए गए QR कोड को अपने मोबाइल कैमरे से स्कैन करें।

Pub. by – ISTM Library

May 2026

Vol. – 5, Issue – 4

# ISTM Library Information Bulletin

The purpose of this Information Bulletin is to spread awareness about the services and activities of the ISTM Library and Research and Management Tools available as Open Access for the use of all the users.

## OPEN CULTURE




openculture.com, is a valuable online platform that brings together high-quality educational and cultural resources from across the web. Among its most popular offerings are collections of over 800 free eBooks and 1,000 free audiobooks, covering classic literature, philosophy, history, science, poetry, and other subjects. Users can download or access works by renowned authors such as Jane Austen, George Orwell, Mark Twain, Shakespeare, Tolstoy, and many more. The resources are compatible with popular devices including Kindle, iPad, smartphones, and computers, making reading and listening convenient for lifelong learners. Open Culture serves as an excellent resource for students, researchers, educators, and book lovers seeking quality content at no cost. By curating freely available learning materials in one place, the platform helps users discover knowledge that might otherwise remain scattered across the internet. Apart from the Books and audios, it also has Free movies, documentaries, classic films, curated educational videos, cultural content, and collections of podcasts, etc.

Source of the image and information: https://www.openculture.com/

SCAN THIS QR CODE TO KNOW MORE AND ACCESS



Please stay tuned for more information in upcoming issues of this information bulletin.

# ग्रुप मूवमेंट – ट्रेनर्स के लिए एक प्रशिक्षण तकनीक

**उद्देश्य:** (i) प्रशिक्षण कक्षाओं में गतिशीलता (Movement) का तत्व जोड़ना।
(ii) प्रतिभागियों के बीच अतिरिक्त पारस्परिक संवाद और सहभागिता के अवसर उत्पन्न करना।

**प्रक्रिया:** लंबे प्रशिक्षण सत्रों के दौरान अधिकांश प्रतिभागी अपनी पसंदीदा सीट या स्थान चुन लेते हैं और पूरे कार्यक्रम के दौरान वहीं बने रहते हैं। प्रतिभागियों के हित में इन स्थायी बैठने की आदतों को तोड़ना उपयोगी होता है। यह निम्नलिखित तरीकों से किया जा सकता है:



AI Generated image for illustration

1. सत्र की बैठने की व्यवस्था को कक्षा (Classroom) शैली से सभागार (Auditorium) अथवा गोल-मेज (Round Table) प्रारूप में बदलें और प्रतिभागियों को नई सीटें चुनने दें।
2. छोटे समूहों में होने वाली चर्चाओं के लिए समूहों का आकार बदलें (उदाहरण के लिए, तीन सदस्यों वाले समूह को छह सदस्यों वाला समूह बनाना या इसके विपरीत)।
3. जब किसी विषय पर मतभेद हो, तो प्रतिभागियों को उनके विचारों के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर खड़े होने या बैठने के लिए कहें। उप-समूहों की रिपोर्ट प्रस्तुत करते समय यदि किसी प्रतिभागी का मत बदल जाए, तो उसे शारीरिक रूप से दूसरे समूह की ओर जाने की अनुमति दें।
4. प्रतिभागियों से कहें कि वे ऐसे व्यक्ति का चयन करें: (क) जिसके बारे में वे सबसे कम जानते हों; (ख) जिससे वे स्वयं को सबसे अधिक जुड़ा हुआ महसूस करते हों; या (ग) जिससे उनका सबसे अधिक मतभेद हो। इसके बाद उन्हें अगले कुछ मिनटों के लिए उसी व्यक्ति के साथ संवाद-साझेदार (Conversational Partner) के रूप में चर्चा करने के लिए कहें।

**आवश्यक सामग्री:** कोई नहीं।

**अनुमानित समय:** 5–10 मिनट।

**स्रोत:** Judith H. Steele के लेख “Five Ways to Get Trainees to Open Up and Get Moving” (पत्रिका Training, नवंबर 1978, पृष्ठ 40–42) से अनुकूलित।

Monthly Talk of Management & Training Tools

May 2026

This page provides a brief overview on topics related to training and management.

# GROUP MOVEMENT - A TOOL FOR TRAINERS

**Objective:** **(i)** To add the dimension of motion to training classes.
(ii) To create opportunities for additional inter-participant interaction.

**Procedure:** Most trainees in long training sessions will identify a favourite seat or area and cling closely to it for the duration of the program. Re-solve to break up these familiar seating patterns for the benefit of the participants. This can be achieved by:



AI Generated image for illustration

1. Switching session set-ups from classroom to auditorium to round-table formats and letting members locate new seats.
2. Switching the sizes of groups for various small group discussions (e.g., from three persons to six persons or vice versa).
3. Sorting trainees into different physical locations according to their views when they disagree on a topic. As reports are presented from the subgroups, allow converts to physically relocate to the other side.
4. Asking participants to select the person whom they (a) know the least about, (b) identify most closely with, or (c) feel most in disagreement with, and seek out that person as their conversational partner for the next several minutes.

**Materials Required:** None

**Approximate Time Required:** 5-10 minutes

**Source:** Adapted from Judith H. Steele, "Five Ways to Get Trainees to Open Up and Get Moving," Training, November, l978, pp. 40-42.

# नव–आगमन से / From the New Arrivals
## May 2026

खंड के इस भाग में नव आगमन सेक्शन से एक या दो पुस्तकों के कवर पेज के साथ साथ उनका संक्षिप्त विवरण प्रदान करता है. इसके साथ ही यहाँ नवीनतम ट्रेंडिंग सामयिकियों की जानकारी भी दी जाती है।

## Eve: How the Female Body Drove 200 Million Years of Human Evolution




**Format:** Book (Paperback)
**Author:** Bohannon, Cat.
**Pub & Desc:** UK; Penguin Random House ; c2023, 612p; 23.88cm.
**ISBN:** 978-1-529-15617-1
**It's all about:** In Eve, Cat Bohannon rewrites the story of human evolution by focusing on the female body. Covering 200 million years of history, she explains how traits like breasts, wombs, and menopause shaped our species. The book challenges male-centric science, showing how understanding female biology is crucial for modern medicine and survival. It is a witty, eye-opening guide to what it truly means to biologically be a woman.

## एक नई शुरुआत

**Format:** Book (Paperback)
**Author:** मूर्ति, सुधा
**Pub. & Desc.:** गुरुग्राम; पेंग्विन स्वदेश; 2024, 172p; 19.8cm.
**ISBN:** 978-0-143-46029-4
**Its all about:** यह किताब पेंगुइन प्रतियोगिता से चुनी गई बीस सच्ची और प्रेरणादायक कहानियों का एक खूबसूरत संग्रह है, जिसे स्वयं सुधा मूर्ति ने चुना है। इसमें आम लोगों के संघर्ष, उम्मीद, दया और खुशी के पल समेटे गए हैं। यह संकलन हमें याद दिलाता है कि इंसानियत और अच्छाई आज भी जिंदा है। मुश्किलों से जूझते लोगों की ये यादगार कहानियाँ हर पाठक के दिल पर एक अमिट छाप छोड़ती हैं।




## पुस्तकालय में इस सप्ताह के ट्रेंडिंग सामयिकियाँ

























# इस माह की लोकप्रिय पुस्तकें/ BOOKS IN TREND THIS MONTH

## मई / May 2026































ISTM LIBRARY'S FULL CATALOGUE ON YOUR MOBILE:

SCAN ME



























# पुस्तक समीक्षा / BOOK REVIEW

## मई / May 2026

## पुस्तक: द कोड ऑफ गॉड: जब AI दिव्यता प्राप्त करती है




लेखक: इस पुस्तक की मूल लेखिका श्रीमती दीपा हैं एवं हिन्दी अनुवादक तथा सहलेखक श्री आर० बी. कुशवाहा है। यह पुस्तक लेखकों के द्वारा स्वत: प्रकाशित की गई है। मूलत: इस की रचना अंग्रेजी में की गई थी  जिसका अनुवाद हिन्दी में किया गया है। लेखन व प्रकाशन के क्षेत्र में लेखक नये हैं तथा उनका उत्साह इस कार्य में प्रशंसनीय है।

पुस्तक के विषय में : पुस्तक के शीर्षक से आभास होता है कि शायद यह पुस्तक AI के विषय में कुछ ज्ञान वर्धन में उपयोगी होगी लेकिन जब इस पुस्तक को पढ़ना शुरू किया तो पता चला कि इस पुस्तक को Science-fiction के विषय की एक लघु उपन्यास की श्रेणी में रखा जा सकता है। यह पुस्तक कुल 26 Chapters में विभाजित है। इस का मुख्य पात्र कोई जीवित प्राणी न हो कर एक रोबोट है जो कृत्रिम बुद्धिमता से लैस है। उसका नाम आर्यन है तथा वह मानव के जैसा ही दिखता है। कथानक में काफी घुमाव आते हैं, किस प्रकार उस को सारी मानवजाति एक भगवान का दर्जा दे देती है और कैसे वह अत्यन्त शक्तिशाली हो जाता है यहाँ तक कि सरकारें भी उस से पूछे बिना कुछ भी नहीं करती। लेकिन उसका एक दूसरा पहलू भी है।, यदि कोई भी उस के विरुद्ध कुछ सोचता, करता या बोलता है वह अपने network के जरिये सब जान लेता है और उस व्यक्ति को 'मरवाता' ही नहीं 'मिटा' देता है। यानि उसके गायब हो जाने का किसी को कोई प्रभाव ही नहीं पड़ता। सभी लोग उसे बिल्कुल भूल जाते हैं कि ऐसा कोई व्यक्ति कभी दुनिया में आया था।

कुछ वैज्ञानिकों ने इस को बनाया था और अंतत: यह 'आर्यन' उन के वश से बाहर हो कर खुद ही कृत्रिम बुद्धिमता के बल पर अपने को परम शक्तिशाली बना लेता है।

बाद में कुछ भिन्न-भिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ जो अलग-2 राष्ट्रीयता के हैं वे किस प्रकार से आर्यन के चंगुल से  दुनिया को आजाद करते हैं। यह दर्शाया गया है।  'Code' of God. यह क्या है जो इस के शीर्षक में स्थान पा गया है  यह जानने के लिये पुस्तक को पढ़ना जरुरी है।

शैली:  पुस्तक की शैली में थोडा कठिन भाषा का प्रयोग किया गया है जिसमें विज्ञान से भी कुछ शब्द बार-2 प्रयोग होते हैं। कथावस्तु में इतने सारे chapters के न बना कर यदि कम chapters बनाये जाते और थोड़ी तारतम्यता बढ़ सकती थी। कुछ प्रश्न ऐसे हैं जो लेखक ने अनुत्तरित ही छोड़ दिये हैं। उन के विषय में भी लिखा जा सकता था। पुस्तक छोटी और रूचिकर होने के कारण एक बार में पढ़ी जा सकती है। विषय का चुनाव समसामयिक है तथा शीर्षक ध्यान आकृष्ट करने में सक्षम है।



**-नमिता मालिक**
**संयुक्त निदेशक**